राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 11 जनवरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दिनांक 26 जनवरी, 2023 से प्रदेश में **हाथ से हाथ जोड़ो अभियान** प्रारम्भ होगा। दो माह तक गाँव, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर चलने वाले इस अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने अभियान हेतु नियुक्त जिला समन्वयकगण एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला प्रभारी पदाधिकारीगण को निर्देशित किया है कि वे अपने प्रभार वाले जिलों में दिनांक 15 जनवरी, 2023 तक सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक लेकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत् पार्टी द्वारा तय किये गये कार्यक्रमों से ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों तथा ब्लॉक में रहने वाले प्रमुख कांग्रेसजनों को अवगत करवाते हुये दो माह तक चलने वाले इस अभियान के कार्यक्रमों पर चर्चा करें।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने राज्य मंत्रीमण्डल के सभी सदस्यों को निर्देशित किया है कि सभी प्रभारी मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक लेकर जिला प्रभारी पदाधिकारीगण एवं जिला समन्वयकगण के साथ मिलकर सम्पूर्ण जिले में दो माह तक चलने वाले इस अभियान के प्रतिदिन आयोजित होने वाले बूथ स्तरीय जनसम्पर्क कार्यक्रमों का रोड मैप तैयार कर दिनांक 20 जनवरी, 2023 तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें तथा सभी प्रभारी मंत्री हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर प्रभार वाले जिलों में प्रवास के अपने कार्यक्रमों की जानकारी संबंधित जिला समन्वयक तथा प्रदेश कांग्रेस के जिला प्रभारी पदाधिकारी को उपलब्ध करवायें। उन्होंने बताया कि जिला प्रभारी पदाधिकारी एवं जिला समन्वयक प्रभारी मंत्री से समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने हेतु अपने प्रभार वाले जिलों में समन्वय के साथ कार्य करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter